### मिलेनियम सिटी में चुनावी शोरगुल नहीं, गांवों की चौपाल पर चर्चाओं का दौर शुरू

# गुरुग्राम के चुनाव को नेता बनाम अभिनेता बनाने की जुगत में कांग्रेस

## राज बब्बर को चुनाव लड़वाने की कोशिश, मैदान में आए तो दिलचस्प होगा मुकाबला

■ जातिगत और क्षेत्रीय समीकरणों पर चल रहा अध्ययन, बढ़ रही राज बब्बर की दिलचस्पी

दिनेश भारद्वाज/ट्रिब्यू
गुरुग्राम, 8 अप्रैल

ग्राउंड जीरो

मिलिनेयिम सिटी यानी गुरुग्राम के लोगों की बेशक, चुनावों में अभी तक किसी तरह की रुचि नहीं है लेकिन ग्रामीण इलाकों और गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दूसरे हलकों में जरूर चुनावी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। शहर में शोरगुल नहीं हैं। गांवों की चौपालों पर हुक्के की गुड़गुड़ाहट के बीच समीकरण साधे जा रहे हैं। बरसों तक कांग्रेस में सक्रिय रहे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह 2014 से भगवा रंग में रंगे हुए हैं। वे गुरुग्राम से लगातार चौथी बार जीत हासिल करने के लिए मैदान में उतरे हैं। वहीं भाजपा टिकट पर हैट्रिक के लिए वे चुनाव लड़ रहे हैं।

प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से अभी तक प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया गया है। कांग्रेस लोकसभा चुनावों को काफी गंभीरता से लड़ रही है। पूर्व सीएम और विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा सभी सीटों की रणनीति बनाने में जुटे हैं। वे क्षेत्रीय व जातिगत समीकरणों को साधने की जुगत में हैं। गुरुग्राम सीट पर चुनावी मुकाबला नेता बनाम अभिनेता बनाने की कोशिश भी हो रही है। यहां से फिल्म अभिनेता और तीन बाद लोकसभा व दो बार राज्यसभा सदस्य रहे राज बब्बर का नाम सुर्खियों में है। शुरूआती दौर में जब राज बब्बर का नाम आया तो इसके गंभीरता से नहीं लिया गया। पिछले कुछ दिनों से नई दिल्ली में पार्टी की मीटिंग में भी राज बब्बर का नाम गुरुग्राम से गंभीरता से लिया जाने लगा है। हुड्डा और राज बब्बर के बीच पुरानी दोस्ती है। राज बब्बर अगर गुरुग्राम संसदीय सीट से चुनावी रण में आते हैं तो यहां मुकाबला रोचक होना तय है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि राज बब्बर जहां सेलिब्रिटी हैं वहीं गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए वे नया चेहरा भी होंगे। भले ही, अभी तय कुछ भी नहीं है, लेकिन यहां के गांवों में चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है। मतदाताओं ने भी गुणा-भाग करना शुरू कर दिया है। 2019 के लोकसभा चुनावों के मुकाबले इस बार राजनीतिक हालात भी बदले हुए हैं। पिछले चुनावों के मुकाबले इस बार कांग्रेस इस संसदीय सीट पर मजबूत भी है। ऐसा इसलिए क्योंकि 2019 में गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौ विधानसभा हलकों में से छह पर भाजपा का कब्जा था। दो पर इनेलो और एक सीट से निर्दलीय विधायक था।

वहीं अब भाजपा के विधायक चार हलकों में हैं। इतने ही हलकों पर कांग्रेस का कब्जा है। बादशाहपुर में निर्दलीय विधायक हैं। 2019 के चुनावों के दौरान गुरुग्राम से उमेश अग्रवाल, बादशाहपुर से राव नरबीर सिंह, सोहना से तेजपाल तंवर, पटौदी से बिमला चौधरी, रेवाड़ी से रणधीर कापड़ीवास व बावल से डॉ. बनवारी लाल भाजपा विधायक थे। वहीं पुन्हाना से निर्दलीय रहीस खान तथा फिरोजपुर-झिरका से नसीम अहमद इनेलो व नूंह से जाकिर हुसैन इनेलो विधायक थे।

अब रेवाड़ी से कांग्रेस के चिरंजीव राव, नूंह से आफताब अहमद, फिरोजपुर-झिरका से मामन खान इंजीनियर व पुन्हाना से मोहम्मद इलियास विधायक हैं। बादशाहपुर से निर्दलीय राकेश दौलताबाद विधायक हैं।

भाजपा के बावल से डॉ. बनवारी लाल, पटौदी से सत्यप्रकाश जरावता, गुरुग्राम से सुधीर सिंगला और सोहना से संजय सिंह विधायक हैं। बेशक, दक्षिण हरियाणा में राव इंद्रजीत सिंह का प्रभाव माना जाता है, लेकिन सेलिब्रिटी के मैदान में आने से यह सीट भी हॉट बन सकती है।

### पांचवीं बार संसद जाने की कोशिश



केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह लगातार पांचवीं बार लोकसभा जाने का रिकार्ड बनाने की कोशिश में हैं। 2004 में वे महेंद्रगढ़ से सांसद थे। परिसीमन के बाद 2009 में उन्होंने गुरुग्राम से कांग्रेस टिकट पर ही चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2014 के लोकसभा चुनावों से पहले वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गए। भाजपा की टिकट पर पहली बार चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2019 में वे फिर भाजपा टिकट पर जीत हासिल करने में कामयाब रहे। दोनों ही बार से वे केंद्र में मंत्री बने हुए हैं। अब भाजपा ने तीसरी बार उन पर भरोसा जताया है। इस लिहाज से वे लगातार पांचवीं बार संसद पहुंचने की कोशिश में हैं। हालांकि इससे पहले भी वे 1998 में महेंद्रगढ़ से कांग्रेस सांसद रह चुके हैं।

### कैप्टन का भी मजबूत दावा



हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव का नाम भी गुरुग्राम संसदीय सीट पर मजबूती के साथ बना हुआ है। 2019 में भी कैप्टन यादव ने गुरुग्राम से लोकसभा चुनाव लड़ा था। वे कई बार रेवाड़ी से विधायक रहे हैं। वर्तमान में उनके बेटे चिरंजीव राव रेवाड़ी से एमएलए हैं। कांग्रेस हाईकमान में भी कैप्टन का प्रभाव है। इतना ही नहीं, वे बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के समधि भी हैं। ऐसे में गुरुग्राम से अजय यादव के दावे को भी कमजोर मानकर नहीं चला जा सकता।

**2014 में जब्त हुई थी जमानत**

लगातार दस वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद 2014 के लोकसभा चुनावों में गुरुग्राम से कांग्रेस की जमानत जब्त हुई थी। भाजपा के राव इंद्रजीत सिंह ने 6 लाख 44 हजार 780 वोट लेकर कांग्रेस के धर्मपाल यादव की जमानत जब्त करवा दी। धर्मपाल यादव को महज 1 लाख 33 हजार 713 वोट मिले थे। वहीं इनेलो के जाकिर हुसैन ने 3 लाख 70 हजार 58 वोट हासिल किए थे। वहीं 2019 के चुनावों में इंद्रजीत सिंह ने 8 लाख 81 हजार 546 वोट लेकर कांग्रेस के कैप्टन अजय सिंह यादव को 3 लाख 86 हजार 256 मतों के अंतर से शिकस्त दी। कैप्टन यादव ने 4 लाख 95 हजार 290 वोट हासिल किए थे।

| सन | सांसद |
|---|---|
| 1952 | ठाकुर दास भार्गव |
| 1957 | अबुल कलाम आजाद |
| 1958 | प्रकाशवीर शास्त्री उपचुनाव) |
| 1962 | गजराज सिंह यादव |
| 1967 | अबुल घनी डर |
| 1971 | तैय्यब हुसैन |

*(नोट : इसके बाद यह सीट खत्म हो गई और महेंद्रगढ़ का हिस्सा रही)*

| सन | सांसद |
|---|---|
| 1977 | मनोहर लाल सैनी |
| 1980 | राव बीरेंद्र सिंह |
| 1984 | राव बीरेंद्र सिंह |
| 1989 | राव बीरेंद्र सिंह |
| 1991 | कर्नल राम सिंह |
| 1996 | कर्नल राम सिंह |
| 1998 | राव इंद्रजीत सिंह |
| 1999 | डॉ.सुधा यादव |
| 2004 | राव इंद्रजीत सिंह |

*(नोट : 2009 में गुरुग्राम पार्लियामेंट फिर से अस्तित्व में आई)*

| सन | सांसद |
|---|---|
| 2009 | राव इंद्रजीत सिंह |
| 2014 | राव इंद्रजीत सिंह |
| 2019 | राव इंद्रजीत सिंह |

## पिहोवा सोमवती अमावस्या पर 2 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



पिहोवा के सरस्वती तीर्थ में सोमवार को स्नान करते श्रद्धालु। -निस

पिहोवा, 8 अप्रैल (निस)

अमावस्या पर्व पर स्नान के साथ ही सोमवार को तीन दिवसीय मेला सोमवार को संपन्न हो गया। सोमवती अमावस्या के कारण 2 लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने सरस्वती तीर्थ में स्नान किया और पितरों के निमित पिंडदान किया और उनके अक्षय मोक्ष की कामना की। तीन दिनों में ही चार लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने सरस्वती तीर्थ में स्नान किया। श्रद्धालुओं ने भगवान कार्तिकेय मंदिर में जाकर तेल सिंदूर चढ़ाया तथा प्रेत पीपल पर जल चढ़ाया। इस बार पूरे मेले में व्यवस्था का हाल खराब रहा। स्नान के लिए साफ जल भी नहीं मिला। हर ओर गंदगी का आलम रहा। सुरक्षा कर्मी दिखाई न दिए। भारी भीड़ के भीतर ही स्कूटर, बाइक वाले घूमते रहे। जिस कारण कई श्रद्धालु घायल हो गये। कई श्रद्धालुओं की जेब कट गई। नाभा, संगरूर, लुधियाना से आए कई श्रद्धालुओं ने अव्यवस्था के चलते प्रशासन को जमकर कोसा।

### जगाधरी के मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**जगाधरी (निस) :** सोमवती अमावस्या पर सोमवार सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने प्राचीन श्रीगौरी शंकर मंदिर जगाधरी, प्राचीन खेड़ा मंदिर जगाधरी, प्राचीन राम मंदिर यमुना नहर तट बूडिया , प्राचीन सूर्यकुंड मंदिर अमादलपुर में पहुंचकर पूजा -अर्चना की। श्रद्धालुओं ने प्राचीन सरोवर सूर्यकुंड मंदिर अमादलपुर, यमुना नहर के बूडिया, अमादलपुर, फतेहपुर, दड़वा, दादुपुर आदि घाटों पर स्नान किया। प्राचीन श्री सूर्यकुंड मंदिर अमादलपुर के पंडित त्रिलोक शास्त्री ने बताया कि सोमवती अमावस्या का सनातन धर्म में खास महत्व है।

### अब फिर शुरू होगा ज्वाइनिंग का दौर

# मीनू बैनीवाल कल होंगे भाजपा में शामिल

नरेश कुमार/निस
ऐलनाबाद, 8 अप्रैल



ऐलनाबाद में सोमवार को समाजसेवी कप्तान मीनू बैनीवाल अपने पैतृक गांव तरकांवाली में अपने समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते हुये। -निस

प्रदेश में भाजपा और जजपा गठबंधन के सूत्रधार रहे और जजपा के 'थिंक टैंक' माने जाने वाले जसविंद्र सिंह 'मीनू बैनीवाल' बुधवार को भाजपाई हो जाएंगे। पिछले दो वर्षों से उनकी संघ और भाजपा में उनकी गहरी पैठ बनी हुई है। चुनावी मैनेजमेंट के 'मास्टर' कहे जाने वाले मीनू बैनीवाल को भाजपा बड़ी सोच-समझ कर रणनीति के तहत लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा ज्वाइन करवा रही है। ज्वाइनिंग कार्यक्रम तय होने के बाद सोमवार को उन्होंने ऐलनाबाद स्थित अपने पैतृक गांव तरकांवाली में समर्थकों के साथ बैठक की। मीनू बैनीवाल बुधवार को कालांवाली हलके के रोड़ी गांव में जनसभा करके भाजपा में शामिल होंगे। सीएम नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर उन्हें ज्वाइन करवाने के लिए इस रैली में पहुंचेंगे। गौर है कि मीनू बैनीवाल का ऐलनाबाद ही नहीं बल्कि सिरसा व हिसार संसदीय क्षेत्र और हरियाणा से सटी राजस्थान की बेल्ट में भी प्रभाव है। पिछले साल राजस्थान में विधानसभा चुनावों के दौरान भी उन्होंने प्रदेश से सटे कुछ हलकों में भाजपा प्रत्याशियों के लिए काम किया था। भादरा से संजीव बैनीवाल को भाजपा ने चुनाव लड़वाया था और भाजपा इस सीट को 'हारी' हुई मान चुकी थी लेकिन बैनीवाल के चुनावी मैनेजमेंट के बाद संजीव बैनीवाल चुनाव जीतने में कामयाब रहे। इसी तरह से ऐलनाबाद व आदमपुर हलके में हुए उपचुनाव के दौरान भी उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के लिए चुनावी हवा बदलने का काम किया था। भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि मीनू बैनीवाल की भाजपा में एंट्री होते ही उन्हें सिरसा व हिसार संसदीय सीट पर एक्टिव किया जा सकता है।

ऐलनाबाद हलके में समाजसेवी के रूप में सक्रिय कप्तान मीनू बैनीवाल ने तरकांवाली में अपने समर्थकों से संवाद में कहा कि वे भाजपा की नीतियों से प्रभावित हैं और इसलिए पार्टी में शामिल होकर सेवा करना चाहते हैं। गौसेवा के प्रति उनका विशेष जुड़ाव रहा है। ऐलनाबाद हलके में सरकारी अस्पतालों व स्कूलों की दिशा बदलने में उनकी अहम भूमिका रही है।

### 12 मौजूदा, पूर्व विधायकों की एंट्री संभव

भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने अब चरणबद्ध तरीके से विभिन्न दलों के नेताओं की ज्वाइनिंग का प्रारूप तैयार कर लिया है। पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर द्वारा सोमवार को चंडीगढ़ में कई बड़े नेताओं के साथ बैठक किए जाने की भी सूचना है। आने वाले कुछ दिनों में भाजपा में 12 मौजूदा व पूर्व विधायकों की एंट्री संभव है। जजपा के भी कुछ विधायक और वरिष्ठ नेता भाजपा के साथ संपर्क बनाए हुए हैं।

### छात्राओं को अश्लील वीडियो लिंक भेजने का मामला

# प्राध्यापक पर कार्रवाई की मांग को लेकर कॉलेज के गेट पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

गुहला चीका, 8 अप्रैल (निस)

गवर्नमेंट कन्या कॉलेज के एक प्राध्यापक द्वारा छात्राओं को अश्लील वीडियो लिंक भेजने के मामले में आरोपी प्राध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने की अगुवाई डॉ. चरणदास पंवार कर रहे हैं।

कॉलेज के सामने छात्राओं एवं आम लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. चरणदास पंवार ने कहा कि कॉलेज की छात्राओं के एक व्हाट्सएप ग्रुप में कॉलेज के एक प्राध्यापक ने पॉर्न वीडियो का लिंक भेजा था जिसके बाद पुलिस में उसके खिलाफ केस दर्ज हो गया। प्राध्यापक 2 दिन जेल में रहा। कॉलेज की अंतरिम शिकायत कमेटी ने उसे अपनी प्रारंभिक जांच में दोषी करार दे दिया लेकिन बावजूद कालेज प्रिंसिपल ने प्राध्यापक को हटाने को लेकर कोई भी कदम नहीं उठाया। मौके पर मौजूद छात्राओं ने कहा कि चाहे कुछ हो जाए हमने प्राध्यापक से नहीं पढ़ना। छात्राओं ने कहा कि हमें बार बार कॉलेज की इज्जत का हवाला देकर और कभी इंटरनल परीक्षा में कम नंबर देने का भय दिखाकर चुप रहने का दबाव डाला जा रहा है। छात्राओं ने कहा कि हमारे बोलने से अगर आरोपी शिक्षक की कॉलेज से छुट्टी हो गई तो कॉलेज बच जाएगा। धरने पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए लोग समर्थन देने पहुंचे। गांव पीडल के पूर्व सरपंच ओमपाल राणा, कृष्ण सिंधू पीडल, गांव कल्लर माजरा के पूर्व सरपंच अमरजीत सिंह, भीम कौशिक ने कहा कि बेटियों को न्याय दिलाने की इस लड़ाई में वे बिल्कुल भी पीछे नहीं हटेंगे।

कॉलेज के प्रिंसिपल रामनिवास यादव ने फोन पर बताया कि वे चंडीगढ़ में उच्च शिक्षा विभाग के कार्यालय में हैं। विभाग से उन्होंने पूरे मामले पर मार्गदर्शन हासिल कर लिया है। वे मंगलवार को चीका आकर आरोपी प्राध्यापक के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# शॉर्ट-सर्किट से शोरूम में लगी आग, बाल-बाल बचे मजदूर

करनाल, 8 अप्रैल (हप्र)

कुंजपुरा रोड स्थित मिठाइयों के 3 मंजिला शोरूम में सोमवार तड़के 3 बजे शॉर्ट-सर्किट से अचानक आग लग गई, जिससे शोरूम पूरी तरह जलकर खाक हो गया। शोरूम की एक मंजिल पर सो रहे मजदूर किसी तरह बच सके।

दमकल विभाग की 8 गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया गया है कि आग लगने से एक के बाद 3 सिलेंडर फट गए। धमाकों से आसपास का एरिया दहल उठा। जिससे एरिया में अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते मिठाई के शोरूम से सटे कपड़े व जूतों के दो अन्य शोरूम को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। शोरूम के बाहर खड़ी एक्टिवा भी जलकर राख हो गई।

बताया जा रहा है कि मिठाई के शोरूम के ऊपर ही हलवाई मिठाई बनाते हैं और ऊपर ही हलवाई व अन्य श्रमिक सो जाते हैं। बताया गया है कि जब आग लगी तो उस वक्त श्रमिक ऊपर ही थी। आग लगते ही मजदूर साथ वाली बिल्डिंग पर पहुंच गये। किसी तरह सुरक्षित नीचे कूद गये। आग से दुकानों के शटर भी पिघल चुके थे।

**रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल्स एवं टीचर्स फेडरेशन, हरियाणा**

रिटायर्ड कालेज प्रिसिंपल्स एवं टीचर्स फेडरेशन, हरियाणा की गवर्निंग बाडी का चुनाव प्रस्तावित है। उक्त से संबंधित सभी सदस्यों की सूची का प्रारंभिक प्रकाशन rcptf.com पर किया गया है। सूची अवलोकन हेतु जाट महासभा सेक्टर-12, करनाल के कार्यालय में उपलब्ध है। फेडरेशन का कोई भी सदस्य अपना दावा/आपत्ति प्रमाण सहित प्रकाशन के 15 दिन के अंदर जिला रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसाइटीज़ करनाल के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

(हस्ता./-)
प्रशासक RCPTF,
हरियाणा।

DI-294

# ‘संविधान, लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुट होकर करें संघर्ष’

बाबैन, 8 अप्रैल (निस)

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में पूर्व मंत्री निर्मल सिंह मोहड़ा ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जयपाल पांचाल ने की। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है। सभी संवैधानिक संस्थाओं को बंधक बना लिया गया है। सरकार की नीतियों के विरोध में उठने वाली हर आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। निर्मल सिंह ने कहा कि आज हर कांग्रेस कार्यकर्ता का ही नहीं बल्कि हर हिंदुस्तानी का यह फर्ज बनता है कि वह देश के लोकतंत्र के हित में संविधान बचाने के लिए एकजुट होकर काम करें। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी ने भारत की जनता के साथ अनेकों लुभावने वायदे किए थे। लेकिन उन सभी वायदों को भूलकर देश की जनता को धर्म और जाति के नाम पर लड़ाने का काम किया जा रहा है।उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें गठबंधन धर्म निभाना है। यहां से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुशील गुप्ता को विजयी बनाकर संसद में भेजना है। इस अवसर पर प्रधान राकेश अग्रवाल, रामपाल सैनी, मामचंद प्रजापत, जसवंत धीमान, हरिकेश सैनी, सरदार जतिंदर सिंह, प्रवीण सिंगला, केसर सिंह, कीमतीलाल खुराना, अंग्रेज सिंह, प्रदीप सांगवान मौजूद थे।

## रंजीत भाटिया को रोटरी इंटरनेशनल का सर्वोच्च पुरस्कार

पानीपत, 8 अप्रैल (वाप्र)

समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर रोटरी इंटरनेशनल ने प्रसिद्ध उद्योगपति रंजीत भाटिया को संस्था के सर्वश्रेष्ठ सम्मान से नवाजा। उन्हें रोटरी इंटरनेशनल के सर्वोच्च पुरस्कार 'सर्विस अबव सेल्फ' से सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि विश्व के 200 शहरों में फैली रोटरी संस्था के कुफरी में आयोजित इस सम्मान समारोह में जिले के रोटरी गवर्नर अरुण मोंगिया तथा पानीपत के भाजपा विधायक प्रमोद विज ने शिरकत की। रंजीत भाटिया को उनके 18वें इंटरनेशनल मेडिकल मिशन के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

**कंट्रीवाइड प्रोमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय:** ओ टी–14, तीसरी मंजिल, नेक्स्ट डोर, पार्कलैंडस, सेक्टर–76, फरीदाबाद 121004, हरियाणा
दूरभाष: 0120–4492–650 वेबसाइट: **www.bptp.com**

यह सार्वजनिक सूचना जिला नगर योजनाकार (मुख्यालय), निदेशालय टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा चंडीगढ़ **("डीटीसीपी")** के कार्यालय द्वारा जारी ज्ञापन संख्या LC-1147B-/PA(SK)-2024/9291 दिनांक 13.03.2024 के अनुपालन में जारी की जा रही है।

**जोकि**, लाइसेंस संख्या 162/2008 दिनांक 19.08.2008 को डीटीसीपी द्वारा कंट्रीवाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य को 5.02 एकड़ भूमि पर आईटी पार्क **("परियोजना")** विकसित करने के लिए प्रदान किया गया था। अब, अविकसित आईटी पार्क के प्रवासन (माइग्रेशन) के लिए एक आवेदन पर, डीटीसीपी ने अतिरिक्त लाइसेंस के अनुदान के लिए अपने ज्ञापन संख्या LC-1147B-/PA(SK)-2024/9291 दिनांक 13.03.2024 के तहत 3.45 एकड़ भूमि के अतिरिक्त क्षेत्र में जोकि सेक्टर-66, गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित है, आवासीय समूह आवास कॉलोनी की स्थापना के लिए आशय पत्र (LOI) जारी किया है, जोकि लाइसेंस संख्या 31/2008 दिनांक 18.02.2008 के अतिरिक्त है।

**और जोकि,** उपरोक्त के मद्देनजर, डीटीसीपी ने हमें 3.45 एकड़ (5.02 एकड़ में से) भूमि के प्रस्तावित प्रवासन के संबंध में उक्त आईटी पार्क परियोजना के मौजूदा आवंटियों को सूचित करते हुए आईटी पार्क परियोजना के मौजूदा आवंटियों (यदि कोई हो) से आपत्तियां आमंत्रित करने का निर्देश दिया है। हम सूचित करना चाहते हैं कि हमने आईटी पार्क परियोजना में किसी भी इकाई के लिए कोई बुकिंग नहीं ली है और न ही कभी परियोजना के लिए रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 के तहत कोई परियोजना पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया है, उक्त परियोजना कभी भी लॉन्च नहीं की गई थी और न ही आईटी पार्क परियोजना या उसमें निर्माण के लिए प्रस्तावित इकाइयों में किसी तीसरे पक्ष का अधिकार बनाया गया है।

तदनुसार, अत्यधिक सावधानी बरतते हुए, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से, हम आईटी पार्क परियोजना (लाइसेंस संख्या 162/2008 दिनांक 19.08.2008) के मौजूदा आवंटियों से आईटी पार्क से आवासीय उपयोग में लाइसेंस प्राप्त भूमि के प्रवासन के संबंध में आपत्तियां आमंत्रित कर रहे हैं, इस तथ्य के बावजूद कि हमारे द्वारा कोई बुकिंग या बिक्री स्वीकार नहीं की गई है।

प्रस्तावित प्रवासन/माइग्रेशन (सैद्धांतिक रूप से अनुमोदित) को दर्शाने वाली पूर्व अनुमोदित साइट योजना की एक प्रति हमारी वेबसाइट यानी **"www.bptp.com"** पर उपलब्ध है और इसे सेक्टर-66, गुरुग्राम हरियाणा स्थित साइट कार्यालय के साथ-साथ वरिष्ठ नगर नियोजक (STP) के कार्यालय, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 14, गुरुग्राम, हरियाणा में भी देखा जा सकता है।

आईटी पार्क परियोजना (लाइसेंस संख्या 162/2008 दिनांक 19.08.2008 के तहत अनुमोदित) में किसी भी इकाई के किसी भी मौजूदा आवंटी को भूमि के प्रस्तावित प्रवासन/माइग्रेशन पर कोई आपत्ति है, तो वह वरिष्ठ नगर योजनाकार, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 14, गुरुग्राम, हरियाणा के कार्यालय में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर, अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है , ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि प्रस्तावित प्रवासन/माइग्रेशन पर कोई आपत्ति नहीं है।

स्थान : गुरूग्राम
दिनांक : **09.04.2024**

**रोहित मोहन**
कृते कंट्रीवाइड प्रोमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड

### मराठा वीरेंद्र वर्मा बोले

# केंद्र में बनेगी गठबंधन की सरकार




करनाल में सोमवार को विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं को एनसीपी में शामिल करवाते प्रदेशाध्यक्ष मराठा वीरेंद्र वर्मा। -हप्र

करनाल, 8 अप्रैल (हप्र)

राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार) के प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। मीटिंग में आप, भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता शेर सिंह पधाना, जय नारायण, युवराज सिंह, सुरेन्द्र जाटल, पालाराम, बलबीर प्रजापत, विजय पाल शर्मा, अमीचन्द शर्मा, अरविन्द गुर्जर, चंद्रहंस जांगड़ा, गौतम शर्मा शामिल हुए। उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर सम्मानित गया गया।

इस अवसर पर मराठा वीरेन्द्र वर्मा ने कहा कि चारों तरफ जो एनसीपी के प्रत्याशी का नाम गूंज रहा है। भाजपा के प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को भारी मतों से हराकर यह सीट गठबंधन की झोली में डालेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में केन्द्र में गठबंधन की सरकार बनेगी और पवार साहब केन्द्रीय धूरी का काम करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव एडवोकेट रामकुमार कश्यप, प्रदेश महासचिव राजेश काम्बोज, प्रदेश महासचिव कृष्णलाल, प्रदेश सचिव चमेल सिंह कश्यप, प्रदेश सचिव अशोक शर्मा, लीगल सेल के अध्यक्ष एडवोकेट बलकार सिंह सन्धू, एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट करण सिंह चौधरी मौजूद थे।

## ‘प्रदेश की सभी दस सीटों पर जीत दर्ज करेगी कांग्रेस’

नारायणगढ़, 8 अप्रैल (निस)

गांव बतोरा में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर की अध्यक्षता में कई लोगों ने कांग्रेस ज्वाइन की। गांव बतौरा के सरपंच प्रतिनिधि सुरेन्द्र मान अपने साथियों रणधीर सिंह, बलदेव सिंह, राजेन्द्र कुमार, तिलक राज, मलकीत सिंह, रोशन लाल, संजीव कुमार, जसविन्द्र सिंह, अवतार सिंह, सुल्तान मोहम्मद, रिंकू कुमार व अनिल कुमार सहित कांग्रेस में शामिल हो गए। रामकिशन गुर्जर ने कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर रामकिशन गुर्जर ने कहा कि देश की जनता मौजूदा भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस प्रदेश की सभी दस की दस लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। इसका सीधा असर विधानसभा चुनावों पर पड़ेगा और प्रदेश में भी कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।

### गांव काछवा में भाजपा नेता जगमोहन आनंद ने किया दावा

# गांव-गांव में चल रही भाजपा की लहर

करनाल, 8 अप्रैल (हप्र)

कुरुक्षेत्र भाजपा के प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद ने कहा कि आज गांव-गांव में भाजपा की लहर चल रही है। हर गली, नुक्कड़, चौक-चौराहो पर भाजपा की केंद्र ओर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों की सराहना हो रही है।

जगमोहन आनंद सोमवार को गांव काछवा में जगदीप सिंह के निमंत्रण पर उनके निवास पर रोड़ समाज के प्रमुख लोगों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताई और देश में पुनः तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने, करनाल विधानसभा से प्रत्याशी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत देश का नाम विश्वस्तर पर ऊंचा हुआ है। करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने जो कमाल पिछले साढे 9 सालों में किया है वह भी प्रदेश की जनता के सामने है। प्रदेश के कोने-कोने तक विकास हुआ है और अब करनाल की जनता मनोहर लाल को लोकसभा में भी रिकार्ड जीत दिलवाएगी, वहीं करनाल से मुख्यमंत्री नायब सैनी भी प्रचंड मतों से जीत हासिल करेंगे। कार्यक्रम में दीपक कुमार, बंसी लाल, जोगिंद्र प्रधान, बलविंद्र सिंह, जोगिंद्र सिंह, कृष्ण लाल, सुरेश चंद, सुभाष चंद, गजराज, बलकार, राजकुमार, चंद्रभान, महावीर, परमजीत एवं श्यामलाल शर्मा मौजूद थे।